सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-101
21/02/2018

मुख्यमंत्री ने जापान के नारा और बिहार के बोधगया को सिस्टर स्टेट के रूप में जोड़ने का दिया प्रस्ताव

पटना, 21 फरवरी 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जापान के नारा प्रांत एवं बिहार के बोधगया को सिस्टर स्टेट के रुप में जोड़ने का प्रस्ताव दिया। नारा प्रांत के गवर्नर श्री शोगो अरई ने इसका समर्थन किया और इसके अनुपालन के लिए अपनी सहमति जतायी। भारतीय दूतावास इसको मूर्तरुप देने में अपनी सहायता प्रदान करेगा। दोनों नेताओं ने आज के परिप्रेक्ष्य में दुनिया में बुद्ध की शिक्षाओं एवं दर्शन के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। नारा और बिहार, विशेषकर राज्य के बौद्ध स्थलों के आपसी संबंधों एवं इनके आध्यात्मिक और वैचारिक जुड़ाव पर विशेष रुप से चर्चा हुई।

नारा प्रांत के गवर्नर ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व की तारीफ की। उन्होंने उनके द्वारा राज्य में किए जा रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का उल्लेख भी किया। मुख्यमंत्री ने टोडैजी मंदिर की यात्रा के लिए और नारा प्रांत में आमंत्रण के लिए राज्यपाल का धन्यवाद किया। नारा प्रांत के राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के सम्मान में आज दोपहर भोज का भी आयोजन किया। मुख्यमंत्री की नारा प्रांत की यात्रा के दौरान जापान में भारत के राजदूत श्री सुजान चिनॉय भी वहॉ उपस्थित थे।

******